**मौसम**

| तापमान | नोएडा | गाजियाबाद | गुरुग्राम | फरीदाबाद |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम | 20.2 डि.से. | 20.2 डि.से. | 18.9 डि.से. | 20.8 डि.से. |
| न्यूनतम | 9.0 डि.से. | 9.0 डि.से. | 9.0 डि.से. | 9.0 डि.से. |



# आपातकालीन स्थिति में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे पर उतारा विमान

**जनसत्ता संवाददाता**
गाजियाबाद, 23 जनवरी।

देश के सबसे आधुनिक एक्सप्रेस–वे में शुमार ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस–वे पर गुरुवार दोपहर करीब पौने दो बजे एक छोटे विमान की आपातकाल लैंडिंग कराई गई। विमान से सवार पायलट को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस–प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। बताया गया है कि विमान में तकनीकी दिक्कत के कारण आपातकाल लैंडिंग कराई गई। विमान उतारने के दौरान उसका बायां पंख (विंग) क्षतिग्रस्त हो गया।

जानकारी के मुताबिक, दो सीट वाले छोटे विमान ने बरेली से उड़ान भरी थी।



उड़ान के दौरान इसमें तकनीकी खराबी आ गई। जिसके कारण पायलट ने विमान को आपातकाल स्थिति में गाजियाबाद के सदरपुर गांव इलाके में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे पर उतारा। तकनीकी कारणों से विमान उतारने के बाद पेरीफेरल एक्सप्रेस वे पर इस दौरान वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। जिसके चलते लंबा जाम लग गया। पुलिस ने लोगों की भीड़ को विमान से दूर रखा। एतिहातन दमकल और

***तकनीकी** खराबी, पायलट सुरक्षित बाहर निकला*

एंबुलेंस को बुलाया गया। विमान उतारते समय विमान का एक पंख एक्सप्रेस–वे के क्रैश बैरियर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। बाद में हिंडन वायुसेना के एक हैलीकॉप्टर से पहुंची टीम ने मौके पर जाकर जांच की और विमान के पायलट को सुरक्षित अपने साथ ले गई। गाजियाबाद पुलिस के मुताबिक विमान में तकनीकी खराबी के चलते एक्सप्रेस–वे पर आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। इस दौरान वाहनों की आवाजाही पर प्रभाव पड़ा। कुछ देर में हालात सामान्य हो गए। पायलट सुरक्षित बाहर आ चुका था।

# क्लस्टर बस से स्कूल बस की टक्कर, छह बच्चे सहित सात घायल

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 23 जनवरी।

नारायणा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक क्लस्टर बस की टक्कर से निजी स्कूल की बस पलट गई। घटना नारायणा दमकल विभाग के दफ्तर के पास घटी। इस हादसे में सात बच्चे और एक अध्यापिका घायल हो गई। घटना के बाद स्कूल बस में सवार सभी को दमकलकर्मियों ने पुलिस की मदद से बस से बाहर निकाला और पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई है। नारायणा थाने की पुलिस ने इस हादसे के संबंध में आइपीसी की धारा 279/337 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी क्लस्टर बस चालक प्रभात मलिक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

***नारायणा** के पास घटी घटना, आरोपी चालक गिरफ्तार*

दिल्ली दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि घटना की जानकारी गुरुवार सुबह 7:10 बजे मिली थी। शुरुआत में जानकारी मिली थी कि बस में आग लग गई है। पर मौके पर पहुंचने पर पता चला कि बस टक्कर लगने से पलटी है। उन्होंने बताया कि सालवान पब्लिक स्कूल, ओल्ड राजेंद्र नगर की डीएल 1पीडी 1370 पंजीकरण नंबर की बस और डीएल 1पीसी 5942 पंजीकरण नंबर की क्लस्टर बस की टक्कर हो गई। हादसे में स्कूल बस पलट गई। घायलों में स्कूल अध्यापिका तुलसी (55), विद्यार्थी आर्यन (16), शूक्षम (16), तानिया (17), मेहुल (16), विशांत (16), वंश (17) और विशंक (7) शामिल हैं। क्लस्टर बस के चालक की लापरवाही से हादसा हुआ। वह रूट संख्या 803 की थी। यह बस शिवाजी एन्क्लेव से मधु विहार के बीच चलती है, जिस वक्त यह हादसा हुआ उस वक्त स्कूल बस में कुल 27 बच्चे सवार थे।

## आंखों में मिर्च डाल सवा लाख लूटे

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 23 जनवरी।

न्यू अशोक नगर में भाई को रुपए देने जा रहे एक युवक की आंखों में बदमाश ने मिर्च डाल दी। इसके बाद बदमाश रुपए का बैग लूटकर मौके से फरार हो गया। इमरान खान (22) के साथ मौके पर मौजूद उसके दोस्त समीर हुसैन ने पानी डालकर उसकी आंखें धुलवाईं। बाद में उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। बैग में सवा लाख रुपए थे। पुलिस ने इमरान की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक इमरान न्यू अशोक नगर में रहता है। वह नोएडा स्थित एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। मंगलवार को उसे अपने बड़े भाई जाबिर खान को सवा लाख रुपए देने थे। इस पर उसने अपने भाई को न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन पर बुलाया। इमरान अपने दोस्त समीर के साथ पैदल ही मेट्रो स्टेशन पहुंचा और भाई का इंतजार करने लगा। इसी दौरान एक युवक आया और उसने इमरान की आंखों में मिर्च डाल दी। इसके बाद आरोपी रुपए का बैग लेकर मौके से फरार हो गया।

बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI
न्यू फ्रेन्ड्स कॉलोनी शाखा
32, कम्यूनिटी सेन्टर
न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी, नई दिल्ली–110025,
फोन नं. 011–26839206, 28898171

**कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी प्राधिकृत अधिकारी ने **बैंक ऑफ इण्डिया** की ओर से वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनगर्ठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत तथा नियम 13(12) के सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), नियम 2002 के नियम 8 के तहत दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए **दिनांक 01.06.2019** को एक मॉंग नोटिस जारी करके ऋणी **श्री योगेश सिंह और श्रीमति ज्योति सिंह एवं गारंटर श्री अवधेश सिंह** को नोटिस में वर्णित बकाया राशि **रु. 21,30,000.85/–(रुपए इक्कीस लाख तीस हजार एवं पिचासी पैसे मात्र)** एवं दिनांक 30.05.2019 से आगे के ब्याज सहित उक्त नोटिस मिलने की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए कहा गया था।

ऋणी/गारंटर द्वारा उक्त राशि की अदायगी न करने के कारण ऋणी/गारंटर और जन साधारण को यह सूचना दी जाती है कि अद्योहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 के सपठित नियमों के अन्तर्गत दिये गये अधिकारों का उपयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्तियों का सांकेतिक कब्जा **दिनांक 18 जनवरी, 2020** को ले लिया है।

ऋणी/गारंटर एवं जन साधारण को इस नोटिस के द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे निम्नलिखित संपत्तियों से सम्बन्धित कोई लेन–देन न करें तथा संपत्तियों में किया गया कोई भी लेन–देन बैंक ऑफ इण्डिया के बकाया **रु. 20,36,388.85/– (रुपए बीस लाख छत्तीस हजार तीन सौ अट्ठासी एवं पचासी पैसे मात्र)** व इसके आगे के ब्याज के अधीन होगा।

**अचल संपत्तियों का विवरण**

**प्लॉट सं.–75, एमआईजी, ब्लॉक आरएन, रतन लाल नगर, कानपुर, उत्तर प्रदेश, मापक्षेत्र 216.273 वर्ग मीटर पर बनी संपत्ति के सभी भाग और अंश, जो कि श्री योगेश सिंह एवं श्री अवधेश सिंह के स्वामित्व में है।**

**चौहद्दी:** उत्तर में: सड़क 30 फीट, दक्षिण में: प्लॉट सं. एम/76,
पूर्व में: प्लॉट सं. एम/106, पश्चिम में: सड़क 30 फीट

दिनांक : 23.01.2020
स्थान : नई दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ इण्डिया

# क्लब फुट : बचपन की बीमारी बड़ी उम्र में विकलांगता का बड़ा कारण

**जनसत्ता संवाददाता**
नोएडा, 23 जनवरी।

क्लब फुट एक जन्मजात बीमारी है, जिसका इलाज पूरी तरह संभव है। सेक्टर– 30 स्थित जिला अस्पताल में मिरैकल फीट इंडिया संस्था के सहयोग से क्लब फुट के इलाज का मुफ्त इलाज किया जा रहा है। इस बीमारी में बच्चे के पैर का आकार बिगड़ जाता है। उपचार नहीं होने पर बच्चों के बड़ा होने पर चलना मुश्किल हो जाता है। इस बीमारी से ग्रस्त माता–पिता के बच्चों को इस बीमारी के होने की ज्यादा आशंका रहती है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनुराग भार्गव के मुताबिक संस्था क्लब फुट वाले बच्चों का निःशुल्क उपचार कर रही है। जिले में इस बीमारी के 24 मरीज हैं। जिसका अस्पताल के हड्डी एवं सर्जिकल वार्ड में इलाज किया जा रहा है। हर शनिवार को क्लब फुट का क्लीनिक डे होता है। संस्था के कार्यक्रम समन्वयक सैफ खान ने बताया कि इलाज के अलावा स्थानीय स्तर



पर ऑर्थोपेडिक्स चिकित्सकों को विशेष प्रशिक्षण दिलाती है। प्रशिक्षण विदेश से आने वाले विशेषज्ञ चिकित्सक भी देते हैं। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. अरविंद अत्री और डॉ. ब्रिजेश कुमार प्रशिक्षण लेकर इस बीमारी का इलाज कर रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में हर साल सात हजार बच्चे जन्मजात इस दोष से पीड़ित होते हैं। यह दोष दिव्यांगता का बड़ा कारण है। फुट क्लब में जन्म से ही बच्चे का एक या दोनों पैर अंदर की तरफ मुड़े होते हैं। इसे टेलिप्स भी कहा जाता है।

This is a public announcement for information purposes only and is not a prospectus announcement. This does not constitute an invitation or offer to acquire, purchase or subscribe for securities.
**Not for publication or distribution, directly or indirectly outside India.**

ITI | **ITI LIMITED**

Our Company was originally incorporated as Indian Telephone Industries Private Limited on January 25, 1950 at Bengaluru, Karnataka, India as a private limited company under the Mysore Companies Act, XVIII of 1938. Subsequently, the name of our Company was changed to Indian Telephone Industries Limited pursuant to a notification no. G.S.R 1234 dated December 30, 1958 issued by the Ministry of Commerce and Industry. Our Company became a deemed public limited company under Section 43A (1A) of the Companies Act, 1956 with effect from July 1, 1975. Thereafter, the name of our Company was changed from Indian Telephone Industries Limited to its present name, ITI Limited, and a fresh certificate consequent upon change of name dated January 24, 1994 was issued by the Registrar of Companies, Karnataka at Bengaluru ("**RoC**"). For further details relating to incorporation, corporate structure, change in registered office of our Company, please refer to the chapter "*History and Certain Corporate Matters*" beginning on page 144 of the Red Herring Prospectus ("**RHP**").
**Registered and Corporate Office:** ITI Bhavan, Doorvaninagar, Bengaluru 560 016, Karnataka, India; **Tel:** +91 80 2561 7486; **Fax:** +91 80 2561 4400;
**Company Secretary and Compliance Officer:** S. Shanmuga Priya, Company Secretary and Compliance Officer; **Tel:** +91 80 2561 7486; **Fax:** +91 80 2561 7525; **E-mail:** cosecy_crp@itiltd.co.in;
**Website:** www.itiltd-india.com; **Corporate Identity Number:** L32202KA1950GOI000640

**PROMOTER OF OUR COMPANY: THE PRESIDENT OF INDIA, ACTING THROUGH THE DEPARTMENT OF TELECOMMUNICATIONS ("DOT"), MINISTRY OF COMMUNICATIONS, GOVERNMENT OF INDIA**

**FURTHER PUBLIC OFFERING OF UPTO [•] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10 EACH ("EQUITY SHARES") OF ITI LIMITED (OUR "COMPANY" OR THE "ISSUER") AGGREGATING UPTO ₹[•] MILLION (THE "ISSUE") COMPRISING OF A FRESH ISSUE OF UPTO 180,000,000 EQUITY SHARES FOR CASH AT A PRICE OF ₹[•] PER EQUITY SHARE (THE "ISSUE PRICE"), (THE "NET ISSUE") AND AN ADDITIONAL ISSUE OF UPTO 1,800,000 EQUITY SHARES CONSTITUTING 1% OF THE NET ISSUE WHICH SHALL BE RESERVED FOR ALLOCATION AND ALLOTMENT ON A PROPORTIONATE BASIS TO ELIGIBLE EMPLOYEES (THE "EMPLOYEE RESERVATION PORTION") FOR CASH AT A PRICE OF ₹[•] PER EQUITY SHARE (THE "EMPLOYEE PRICE"). THE ISSUE SHALL CONSTITUTE [•]% OF THE POST-ISSUE PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY, AND THE NET ISSUE SHALL CONSTITUTE [•]% OF THE POST-ISSUE PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.**

**QIB Portion: Not less than 75% of the Net Issue**
**Retail Portion: Not more than 10% of the Net Issue**
**Non-Institutional Portion: Not more than 15% of the Net Issue**
**Employee Reservation Portion: 1% of the Net Issue**

**Price Band: ₹ 72 to ₹ 77 per Equity Share of face value of ₹ 10 each.**
**The Floor Price is 7.2 times the face value of the Equity Shares and the Cap Price is 7.7 times the face value of the Equity Shares.**
**Bids can be made for a minimum of 150 Equity Shares and in multiples of 150 Equity Shares thereafter.**

**ASBA*** | **Simple, Safe, Smart way of Application!!!**
*Applications Supported by Blocked Amount (ASBA) is a better way of applying to issues by simply blocking the fund in the bank account. For further details, check section on ASBA below.
Mandatory in public issues. No cheque will be accepted.

UPI — UNIFIED PAYMENTS INTERFACE
**UPI-Now available in ASBA for Retail Individual Bidders ("RIBs")**.**
**Applicants to ensure PAN is updated in Bank Account being Blocked by ASBA Bank.**

**ASBA has to be availed by all the investors except Anchor Investors. UPI may be availed by Retail Individual Bidders.*
*For details on the ASBA and UPI process, please refer to the details given in ASBA Form and abridged prospectus and also please refer to the section "Issue Procedure" beginning on page 344 of the RHP. The process is also available on the website of AIBI and Stock Exchanges in the General Information Document. ASBA Forms can be downloaded from the websites of BSE Limited ("**BSE**") and National Stock Exchange of India Limited ("**NSE**", and together with BSE, the "**Stock Exchanges**") and can be obtained from the list of banks that is displayed on the website of SEBI at www.sebi.gov.in.*
***List of banks supporting UPI is also available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in. • For the list of UPI Apps and Banks live on IPO, please refer to the link; www.sebi.gov.in. ICICI Bank Limited has been appointed as Sponsor Bank for the Issue, in accordance with the requirements of the SEBI Circular dated November 1, 2018. For issue related grievance investors may contact: BOB Capital Markets Limited - Nivedika Chavan (+91 22 6138 9300) (iti.fpo@bobcaps.in); Karvy Investor Services Limited – P. Balraj/ Bhavin Vakil (+91 40 2342 8774) (cmg@karvy.com); PNB Investment Services Limited – Abhishek Gaur/ Vinay Rane – (+91 22 2653 2745) (iti.fpo@pnbisl.com). For UPI related queries, investors can contact NPCI at the toll free number: 18001201740 and Mail Id: ipo.upi@npci.org.in.*

**Risks to Investors:**
- **The three Book Running Lead Managers associated with the Issue have handled two public issues in the past three years out of which one closed below the issue price on listing date.**
- **The Issue Price at the upper end of the Price Band is at ₹ 77 per Equity Share.**
- **The Price/Earnings ratio based on diluted basic and EPS for fiscal 2019 is not measurable as there are no listed companies in India that are engaged in a similar portfolio as that of the Company.**
- **Weighted Average Return on Net Worth not calculated as networth of the Company is negative for last three financial years.**

**BID / ISSUE PROGRAMME**
**BID/ISSUE OPENS ON JANUARY 24, 2020 | BID/ISSUE CLOSES ON JANUARY 28, 2020**

**CORRIGENDUM – NOTICE TO INVESTORS**

In the section titled "Capital Structure – Notes to the Capital Structure" on page 81 of the RHP, the sentence *"An oversubscription to the extent of 10% of the Net Issue can be retained for the purposes of rounding off to the nearer multiple of minimum allotment lot."* stands modified to *"An oversubscription to the extent of 1% of the Net Issue can be retained for the purposes of rounding off to the nearer multiple of minimum allotment lot."*
Further, in the section titled *"Issue Structure – Non-Institutional Bidders – Maximum Bid"* on page 342 of the RHP, the sentence *"Such number of Equity Shares in multiples of [•] Equity Shares so that the Bid does not exceeds the size of the Issue, subject such limits as may be applicable to the Bidder."* stands modified to *"Such number of Equity Shares in multiples of [•] Equity Shares so that the Bid does not exceed the size of the Issue (excluding the QIB Portion), subject such limits as may be applicable to the Bidder."*
The RHP stands amended to the extent of the modifications stated above. The aforesaid changes shall be reflected in the Prospectus to be filed with the RoC.
Further, on page 9 of the Bid cum Application Form, in the *"Memorandum Containing Salient Features of the Red Herring Prospectus"* under the head *"Issue Structure - Non-Institutional Bidders – Maximum Bid", the sentence "Such number of Equity Shares in multiples of [•] Equity Shares so that the Bid does not exceeds the size of the Issue, subject such limits as may be applicable to the Bidder." stands modified to "Such number of Equity Shares in multiples of [•] Equity Shares so that the Bid does not exceed the size of the Issue (excluding the QIB Portion), subject to such limits as may be applicable to the Bidder."*
The above notice is required to be read in conjunction with the RHP and the Bid-cum-application-form, as amended to the extent set out above.
**Note:** Capitalised terms used and not defined herein shall have the respective meanings assigned to them in the RHP.

For **ITI Limited**
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Company Secretary & Compliance Officer

Place: Bengaluru
Date: January 23, 2020

**ITI Limited** is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make a further public offer of its equity shares (**"Equity Shares"**) and has filed a red herring prospectus (**"RHP"**) with the Securities and Exchange Board of India and the Registrar of Companies, Karnataka situated at Bengaluru. The RHP is available on the website of the SEBI at www.sebi.gov.in as well as on the websites of the book running lead managers, BOB Capital Markets Limited, Karvy Investor Services Limited and PNB Investment Services Limited at www.bobcaps.in, www.karvyinvestmentbanking.com and www.pnbisl.com, respectively. Investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to such risks, see "Risk Factors" on page 14 of the RHP.
This announcement does not constitute an offer of securities for sale in any jurisdiction, including the United States, and any securities described in this announcement may not be offered or sold in the United States absent registration under the US Securities Act of 1933 or an exemption from such registration. Any public offering of securities to be made in the United States will be made by means of a prospectus that may be obtained from the issuer or the selling security holder and that will contain detailed information about the company and management, as well as financial statements. No public offering or sale of securities in the United States is contemplated.

CONCEPT

# नड्डा के स्वागत में पहुंचे व्यक्ति पर महिला पुलिसकर्मी से छेड़खानी का आरोप

**जनसत्ता संवाददाता**
ग्रेटर नोएडा, 23 जनवरी।

महिला पुलिस सब इंस्पेक्टर के साथ छेड़छाड़ के आरोप में थाना बीटा टू पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के यमुना एक्सप्रेस वे के जीरो पाइंट से गुजरने के बाद हुआ। आरोप है कि जब महिला पुलिस सब इंस्पेक्टर वहां वीडियो रिकार्डिंग कर रही थीं, तब मूलरूप से हापुड़ के रहने वाले आरोपी शोएब (23) ने गलत ढंग से छुआ और मोबाइल फोन छीनने का प्रयास किया।

थाना बीटा टू के एसएचओ सुजीत उपाध्याय के मुताबिक गुरुवार सुबह जेपी नड्डा सीएए के समर्थन में आगरा में होने वाली रैली के लिए गुजरने वाले थे। उनके स्वागत के लिए एक्सप्रेस वे पर सैकड़ों की संख्या में समर्थक कारों समेत अन्य वाहनों से पहुंचे थे। सुबह करीब 11:30 बजे उनका काफिला निकलने के बाद यह घटना हुई। भीड़ के बीच हुई घटना के होते ही महिला सब इंस्पेक्टर ने शोर मचाते हुए आरोपी को पकड़ लिया। वहां मौजूद पार्टी समर्थकों की पुलिस से कहासुनी भी हुई। समर्थकों ने पुलिस को सबक सिखाने की धमकी भी दी। महिला सब इंस्पेक्टर ने जब वीडियो बनाना शुरू किया तो आरोपी ने मोबाइल फोन छीनने की कोशिश की थी। तब आरोपी को हिरासत में लेकर थाने लाया गया। हालांकि भाजपा की ग्रेटर नोएडा इकाई के एक पदाधिकारी ने बताया कि यह घटना भारी भीड़ के बीच गलतफहमी के चलते हुई है। पुलिस ने भाजपा नेताओं को आरोपी से मुलाकात तक नहीं करने दी। महिला सब इंस्पेक्टर की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ कई धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# निर्भया कांड के दोषियों से जेल प्रशासन ने पूछी इच्छाएं

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 23 जनवरी।

तिहाड़ जेल में बंद निर्भया कांड के दोषियों की फांसी के पहले तमाम औपचारिकताएं पूरी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हालांकि अभी तक यह तय नहीं है कि उनकी फांसी एक फरवरी को ही होगी। जेल प्रशासन ने चारों दोषियों को नोटिस भेजकर उनकी इच्छाएं जानने की कोशिश की है। उनसे पूछा गया है कि वे फांसी से पहले किससे मिलना चाहते हैं या क्या–क्या करना चाहते हैं। हालांकि उनको इजाजत उसी बात की दी जाएगी जो कानूनन संभव होगा।

जेल प्रशासन ने चारों दोषियों को अलग अलग दिए लिखित नोटिस में उनसे पूछा है कि वे फांसी से पहले क्या किसी के नाम कोई वसीयत करना चाहते हैं। उनको कोई धार्मिक ग्रंथ पढ़ना है या किसी धर्मगुरु से मिलना है तो बता दें। उनको जेल में यह इच्छाएं पूरी करने का इंतजाम किया जाएगा। जेल प्रवक्ता राजकुमार ने बताया कि कैदियों से उनकी अंतिम इच्छा पूछी गई है। हालांकि उनकी वही इच्छाएं पूरी की जाएंगी जिसे पूरी करना संभव होगा। जबकि जानकारों के मुताबिक यह अंतिम इच्छा पूछना नहीं है बल्कि अनिवार्य औपचारिकताएं हैं, क्योंकि अंतिम इच्छा के तौर पर अगर उन्होंने कुछ ऐसा मांग लिया जिसे पूरी करना संभव नहीं तो उसका कोई मतलब नहीं रह जाएगा। राज कुमार ने यह भी कहा है कि कैदियों से यह भी पूछा गया है कि वे फांसी से पहले किसी परिजन से मिलना चाहते हैं तो वह भी बताएं हालांकि फांसी के दिन उनको किसी से मिलने की इजाजत नहीं होगी।

## खबरों में शहर

### गांधी ने लाखों लोगों को आंदोलन से जोड़ा : मृदुला

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 23 जनवरी।

आत्मा राम सनातन धर्म (एआरएसडी) महाविद्यालय ने महात्मा गांधी के 150वें जन्मदिवस के अवसर पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ ज्ञानतोष कुमार झा ने कहा कि आज के समय में गांधी के द्वारा जिया गया जीवन एवं उनके विचार हमारे लिए फिर से पथ प्रदर्शक बन सकते हैं। प्रोफेसर मृदुला मुखर्जी ने कहा कि गांधी ने लाखों लोगों को आंदोलन से जोड़ा। देश और राजनीति से उदासीन जनता को राजनीतिक बनाया। उन्होंने कहा कि राज्य को किसी भी हालात में धर्मनिरपेक्ष रहना होगा क्योंकि लोकतंत्र प्राथमिक तौर पर एक दूसरे से बातचीत में विश्वास रखता है। दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर दिनेश सिंह ने कहा कि गांधी जैसा सोचते थे वैसा ही करते थे। वो यही सोचते थे कि निष्ठा से सत्य और अहिंसा के प्रति प्रतिबद्ध रहूंगा। आज गांधी को जानने और पढ़ने का मतलब ही है, सत्य के अधीन रहना। उन्होंने गांधी के अनेक जीवन प्रसंगों को याद करते हुए विद्यार्थियों को गांधीवादी मूल्यों का महत्त्व समझाया और उस रास्ते पर चलते हुए भावी भारत के निर्माण की प्रेरणा लेने के लिए कहा।

### उरमू के अध्यक्ष चुने गए सोमनाथ मलिक

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 23 जनवरी।

सोमनाथ मलिक उतरीय रेलवे मजदूर यूनियन (उरमू) के अध्यक्ष चुने गए हैं, जबकि बीसी शर्मा महासचिव चुने गए हैं। चुनाव के बाद सोमनाथ मलिक ने कहा कि पुरानी पेंशन लागू कराना और रेलवे का नीजिकरण रोकना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा–रेलवे में लाखों पद खाली हैं। रेल कर्मचारियों की संख्या 18 लाख से घटाकर 13 लाख कर दी गई है। यात्रियों की सुरक्षा के लिए इन पदों पर भर्ती जरूरी है। उतरीय रेलवे मजदूर युनियन इस मुद्दे को उठाएगी।

## आज के कार्यक्रम

**सभा/संगोष्ठी**

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर : फिल्म उत्सव, सीडी देशमुख सभागार, 40 मैक्समूलर मार्ग, शाम साढ़े छह बजे।

**विविध**

इंडिया हेबीटाट सेंटर : फिल्म, गुलमोहर सभागार, लोधी रोड, शाम सात बजे।

www.readwhere.com

